# आकाशवाणी शिमला

**15.07.2024** **1945 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में शुरू होगी राज्य स्कूल शिक्षा पुरस्कार योजना–सम्मानित होंगे प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षक।
- लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर शिमला में कांग्रेस कर रही है मंथन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार के पास विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ भी नहीं।
- प्रदेश में धीमा पड़ा मॉनसून–अभी तक सामान्य से 25 फीसदी कम बरसे बादल।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई बहुमूल्य सेवाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार अध्यापकों और हैड ऑफ स्कूल के लिए नवीन योजना हिमाचल प्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा पुरस्कार शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दो श्रेणियों सामान्य और जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों के 24 अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य चयन प्रक्रिया में विषय आधार के स्थान पर शिक्षा के क्षेत्र में सीखने के परिणामों, रचनात्मकता और नवोन्मेषी योगदान को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित करना है। साथ ही अध्यापन क्षेत्र में युवाओं की रूचि को बढ़ाना, गुणात्मक शिक्षा को प्रेरित करना और समाज में शिक्षकों को सर्वोच्च स्थान दिलाना भी है। इससे स्कूलों में शिक्षा की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 24 राज्य पुरस्कारों के अलावा प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के सफल कार्यान्वयन और

नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए 6 विशेष पुरस्कार भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि चालू वर्ष के 31 मार्च तक कार्यरत अध्यापक इस योजना के तहत पात्र होंगे। अध्यापक 16 से 31 जुलाई तक विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑफलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## कांग्रेस बैठक

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश में लोकसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों व विश्लेषण के लिए गठित दो सदस्यीय समिति आज व कल शिमला में पार्टी नेताओं के साथ मंथन कर रही है। बैठक के पहले दिन पूर्व सांसद पी.एल पुनिया व सांसद रजनी पाटिल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित चुनाव समन्वय समिति के साथ चर्चा की। समिति ने आज मण्डी और हमीरपुर जबकि कल 16 जुलाई को कांगड़ा और शिमला संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के पार्टी प्रत्याशियों और विधानसभा प्रत्याशियों सहित मंत्रियों, सीपीएस, कांग्रेस विधायकों और सभी जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा करेगी। केन्द्रीय समिति कांग्रेस के अग्रणी संगठनों के राज्य प्रमुखों के साथ भी बैठकें कर रही है। इससे पूर्व आज पी.एल. पुनिया और रजनी पाटिल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

## नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठी खबरें चलाने वालों के खिलाफ सरकार एफ.आई.आर. दर्ज करेगी। नरेश चौहान ने आज शिमला में कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री की छवि को खराब करने की साजिश के तहत बिना तथ्यों के दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने दुष्प्रचार में शामिल ऐसे चैनलों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के पूह मण्डल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने को भी कहा। जगत सिंह नेगी ने पूह, स्पीलो, कानम, चांगों और मूरंग पेयजल योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। नेगी ने इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया।

## विवरणियां

प्रदेश के प्रधान महालेखाकार ने राज्य सरकार के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं को वर्ष 2023–24 की वार्षिक विवरणियां व्यक्तिगत तौर से न सौंप कर प्रदेश सरकार की वैबसाईट डब्लयू डब्लयू डब्लयू डॉट हिमकोष डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध करवा दी है। प्रदेश की उप महालेखाकार मीनू शर्मा ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने–अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की वार्षिक जी.पी.एफ. विवरणियों को उपरोक्त वैबसाईट से डाउनलोड करें। उन्होंने सभी आहरण व संवितरण अधिकारियों से ये भी आग्रह किया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी कर्मचारियों की जी.पी.एफ. स्टेटमेंट के बैलेंस को अपने वेतन बिल रजिस्टर में आवश्यक एंट्री करने के उपरान्त सभी कर्मचारियों को यथाशीघ्र प्रदान करें और इसकी अनुपालना प्रधान महालेखाकार कार्यालय को दें।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास बीते डेढ़ साल में विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ भी नहीं है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि सरकार एक वर्ष पूर्व आपदा

में भूमिहीन हुए लोगों को अभी तक भी जमीन नहीं दे पाई है और ये लोग जंगलों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के प्रति इस तरह की संवेदनहीनता दुखद है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अपने वायदों को याद करे और मानवीय आधार पर लोगों की प्रभावी तरीके से मदद करे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित है और राज्य का विकास ठप्प हो चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को बयानबाजी छोड़ विकास को गति देने पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार कर्ज लेकर घी पीना बंद करे।

## सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को दिखाए सभी सपने तोड़ दिए हैं। सुरेश कश्यप ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जनता को गारंटियों के नाम पर बड़ी–बड़ी उम्मीदें बंधाई लेकिन सरकार में आने के बाद इन गारंटियों को कांग्रेस भूल गई है और अब इसके विपरीत फैसले ले रही है। यही कारण है कि विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा के विधायकों की संख्या सिर्फ 25 थी वह उपचुनाव में बढ़कर अब 28 हो गई है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर कर्ज के दुरूपयोग का भी आरोप लगाया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट

मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार और हिमाचल प्रदेश फुटबॉल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि असम में होने वाले डॉक्टर बी.सी. रॉय अंडर–17 जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए हिमाचल से टीम के लिए आज सोलन व कांगड़ा में खिलाड़ियों के ट्रायल संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि 17 से 24 जुलाई तक चयनित खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप वाई. एस. परमार विश्वविद्यालय नौणी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फुटबॉल खेल व खिलाड़ियों को हर सुविधा

मुहैया करवाने का आश्वासन दिया है जिसके लिए सुनील शर्मा बिट्टू ने फुटबॉल ऐसोसिएशन और सभी खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

**<u>मॉनसून</u>**

प्रदेश में मॉनसून के समय पर पहुंचने और आरम्भ में अच्छी वर्षा होने के बावजूद अब मॉनसून की गति धीमी पड़ गई है। राज्य में पिछले लगभग एक सप्ताह से केवल कुछ स्थानों को छोड़कर बाकी जगह मॉनसून की बारिश नहीं हुई है। इसके चलते राज्य में उमस भरी गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में अभी तक मॉनसून की वर्षा सामान्य से 25 फीसदी कम दर्ज की गई है और इस महीने के बाकी दिनों में भी राज्य में अधिक वर्षा की सम्भावना नहीं है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक सुरेन्द्र पॉल के अनुसार बंगाल की खाड़ी में मॉनसून कुछ धीमा पड़ा है जिस कारण हिमाचल में भी मॉनसून की वर्षा में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 17 जुलाई के बाद राज्य में मॉनसून की वर्षा में कुछ वृद्धि दर्ज की जाएगी। हालांकि आज और कल प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर वर्षा की सम्भावना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून की सामान्य वर्षा होने का अनुमान है।

**<u>डीसी चम्बा</u>**

चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत वन अनुमति के मामलों की प्रक्रिया में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज चम्बा में विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पशुपालन और प्रारम्भिक व उच्च शिक्षा, उपनिदेशक जिला कार्यक्रम अधिकारी और मुख्य चिकित्या अधिकारी को अपने–अपने विभागों में नोडल अधिकारी को तैनात करने को कहा ताकि वन अनुमतियों के मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

## " मुख्य समाचार "

- प्रदेश में शुरू होगी राज्य स्कूल शिक्षा पुरस्कार योजना–सम्मानित होंगे प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षक।
- लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर शिमला में कांग्रेस कर रही है मंथन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार के पास विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ भी नहीं।
- प्रदेश में धीमा पड़ा मॉनसून–अभी तक सामान्य से 25 फीसदी कम बरसे बादल।